**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

दैनिक जागरण 2
NAME OF NEWSPAPERS--------नई दिल्ली, 1 नवंबर, 2022 -------------DATED-----------------------

# झील में छोड़ा जहरीला पानी, मर गईं सैंकड़ों मछलियां

दैनिक जागरण एक्सक्लूसिव

संजीव गुप्ता ● नई दिल्ली

- रोहिणी स्थित डीडीए के स्वर्ण जयंती पार्क में विभागीय लापरवाही से सोमवार सुबह हुआ हादसा
- एसटीपी प्लांट से झील में छोड़ा गैर शोधित पानी, मछलियों को ठेकेदार ने कुछ ही देर में लगाया ठिकाने
- उद्यान निदेशक ने स्वीकार की लापरवाही, प्रधान आयुक्त ने कही जांच कराने की बात



झील में मरी पड़ी मछलियां ● जागरण

ठंड के कारण 20 से 25 किलो मछलियों की मौत हो गई। संख्या में यह 30 से 40 रही होंगी। ठंड से बचाव के लिए हम रोहतक से दवा मंगवा रहे हैं। उसे पानी में डाला जाएगा, जिससे और मछलियां न मर सकें।
**सलीम**, ठेकेदार

ठंड से मछलियां कभी नहीं मरतीं। एसटीपी प्लांट से झील में गंदा पानी छोड़े जाने के कारण ही ऐसा हुआ है। यह सिविल विभाग की लापरवाही है। इसमें देखा जाएगा कि क्या किया जा सकता है।
**अशोक कुमार**
उद्यान निदेशक, डीडीए

ठंड से मछलियों के मरने की बात बिल्कुल बेबुनियाद है। अगर इतनी बड़ी मात्रा में मछलियां मरी हैं तो निश्चित तौर पर कोई न कोई गड़बड़ी है। इस मामले की जांच कराई जाएगी।
**राजीव कुमार तिवारी**, प्रमुख आयुक्त (उद्यान), डीडीए

जहां एक ओर नजफगढ़ झील में प्रदूषित पानी से मर रही मछलियों का मसला अभी थमा भी नहीं है वहीं सोमवार सुबह रोहिणी स्थित दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के स्वर्ण जयंती पार्क की झील में भी विभागीय लापरवाही से सैंकड़ों मछलियों ने दम तोड़ दिया। हैरत की बात है कि झील के ठेकेदार ने इस मामले को रफा-दफा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और आनन-फानन में सभी मरी मछलियों को ठिकाने भी लगा दिया। डीडीए के उच्चाधिकारियों ने इस मामले में विभागीय लापरवाही स्वीकार की हैं और जांच की बात भी कही है।

सोमवार अल सुबह पार्क के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से बड़ी मात्रा में झील में गैर शोधित पानी छोड़ दिया गया। अत्यधिक प्रदूषित पानी के असर से कुछ ही देर में झील में तैर रही सैंकड़ों मछलियों ने दम तोड़ दिया। मरने के बाद सारी मछलियां झील के पानी में उल्टी होकर तैरने लगीं। पौ फटने के बाद जब वहां पर मौजूद गार्ड ने यह घटनाक्रम देखा तो झील के ठेकेदार से संपर्क साधा। इसके बाद एक घंटे से भी कम समय में जाल फेंककर सारी मरी हुई मछलियों को निकालकर वहीं आसपास मिट्टी में दफना दिया गया। विडंबना यह है कि जिस गार्ड ने सबसे पहले यह स्थिति देखी, उसने सच-सच बता दिया कि सीवर के गंदे पानी से मछलियां मरी हैं। बाद में वहां मौजूद दूसरे गार्ड और ठेकेदार नई ही कहानी गढ़कर सुनाने लगे। ठंड के कारण मछलियां के मरने की बात करने लगे।

## योजना के आवंटियों को फ्लैटों की चाबी देंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डीडीए की ओर से कालकाजी में इन-सीटू स्लम पुनर्वास योजना के तहत बनाए गए फ्लैटों की चाबियां आवंटियों को सौंपेंगे। इस संबंध में नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में बुधवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें पीएम पुनर्वास योजना के पहले चरण में पात्र शार्ट लिस्टिड 575 लोगों को उनके आवास की चाबी व जरूरी दस्तावेज देंगे।

डीडीए द्वारा कालकाजी में इन-सीटू स्लम पुनर्वास योजना के तहत 3074 मकान बनाए गए हैं। इनके आवंटन संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी किए जाने के बाद डीडीए ने 575 लोगों को उनके फ्लैटों का मालिकाना हक देने का निर्णय लिया है। बता दें कि विभिन्न आय वर्गों के लिए आवासीय योजनाएं लाने के साथ- साथ डीडीए अब इन सीटू डेवलपमेंट के तहत इडब्ल्यूएस फ्लैट बनाने पर भी फोकस कर रहा है। इसी दिशा में करीब 5,200 फ्लैट बनकर तैयार हो गए हैं जबकि 2,300 फ्लैट इस साल के आखिर तक बन जाएंगे। इसके अलावा 25 हजार से अधिक फ्लैटों का निर्माण कार्य भी इसी वर्ष शुरू हो जाने की संभावना है। इन सीटू डेवलपमेंट के तहत स्लम क्लस्टरों में रहने वाले लोगों के लिए वहीं पर पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। यह फ्लैट पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) माडल के तहत डीडीए की निगरानी में प्राइवेट बिल्डर बना रहे हैं।

## कनवर्जन मामलों पर डीडीए लगाएगा सहायता शिविर

नई दिल्ली : दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के भूमि निपटान विभाग की ओर से लंबित कनवर्जन मामलों पर मार्गदर्शन के लिए सहायता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। केवल वे आवेदक, जिन्होंने डीडीए के आइडीएलआइ पोर्टल पर अपनी लीजहोल्ड संपत्ति को फ्रीहोल्ड में बदलने के लिए पहले से ही आवेदन किया हो, वे अपने लंबित ई- कनवर्जन आवेदनों के संबंध में सहायता प्राप्त करने के लिए इन शिविरों में जा सकते हैं। (वि.)

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS--- * THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI TUESDAY, NOVEMBER 1, 2022 -----DATED---------------------

# S Delhi residents turn neglected space into 'garden of pride'

Photos: Mayank Makhija





**GREEN STEP:** The director of CAWS said they were looking for a sustainable system of life and water reuse to create a good community

Kushagra.Dixit@timesgroup.com

**New Delhi:** Till about five years ago, this area in the heart of south Delhi was marked by stinking garbage, overflowing sewers and encroached public spaces. It was notorious for unruly elements, leading to a sense of insecurity among locals. Now, thanks to an extraordinary initiative by the residents, it has been transformed into a 45-acre oasis of leisure, mindfulness, conservation and a safe community space.

Under a project named 'Vasant Udyaan', a group of determined residents from Vasant Vihar, Munirka, Hill View Apartments, Police Colony and CBI Colony have turned the place into a beautiful park, or what they term the "garden of pride", focused on sustainable irrigation and restored 14th-century monuments.

It did take years of persuasion though. The "Restore the Neighbourhood Initiative" began in 2017 by local stakeholders with the help of former LG Anil Baijal and an NGO, Citizen Action for Water Sustainability (CAWS), followed by conceptualisation of the project, landscaping and removal of squatters.

Avinash Kumar, director, CAWS, said they were looking for a sustainable system of life and water reuse to create a good community.

"It was challenging with many stakeholders involved, and getting the public office to work on it was tough. However, we got help from former LG Baijal, who got all departments involved, including MCD, DDA and DJB," said Kumar.

It used to be difficult to cross the area even in broad daylight, Kumar said. Originally a reserve forest under DDA, the place became a hub of drug peddling and encroachment over time. At times, bodies would be seen floating in the drain.

At the entrance of the park behind JP Hotel and Priya Cinema, Kumar pointed to a new wall next to a landscaped plantation. Close to it lie two major slum clusters — Shiva and Coolie camps — with 2,500 families. "There was no wall here earlier. The area was either encroached upon or full of stinking sewage. Fixing this was a challenge, as RWAs, slum-dwellers and officials had to be brought to the table," said Kumar.

To remove the encroachment, he said, two community toilets were developed for each JJ cluster before the wall was raised. Then, the STPs were fixed and additional water was channelled to the park. A network of wires for lighting and a pipe for drip irrigation were set up and landscaping was done. The area now has well-lit paths, a network of CCTV cameras and dedicated recreational areas.

"We are working to fill two water bodies here and set up our own sewage treatment system," said Kumar, passing through ramps where some youngsters were dancing or practising karate to a section called the 'garden of poetry'.

Residents said the project has transformed their lives. "No one was comfortable passing through the area, which used to report crimes like rape. It's difficult to believe this is the same place," said Lora Prabhu, a resident of Vasant Vihar.

Kumar said there was a noticeable fall in the crime rate. "We have seen better air quality, excellent community engagement with over 2,000 visitors daily and recharging of water table. A perfect example of everyone winning," he added.

---

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली
मंगलवार, 1 नवंबर 2022

## ई-कन्वर्जन के लिए लगेंगे कैंप

■ **विस, नई दिल्ली:** कन्वर्जन मामलों को लेकर डीडीए का लैंड डिस्पोजल डिपार्टमेंट स्पेशल कैंप लगा रहा है। इस कैंप में वही लोग हिस्सा ले सकते हैं जिन्होंने इडली पोर्टल पर अपनी प्रॉपर्टी को लीजहोल्ड से फ्री होल्ड करवाने के लिए आवेदन किया हुआ है। लंबे समय से पेंडिंग ई-कन्वर्जन की फाइलों के निपटारे के लिए यह कैंप लगाया जा रहा है। डीडीए के अनुसार यह कैंप एक नवंबर से दो दिसंबर तक (हर मंगलवार, बुधवार और शुक्रवार) को ढाई से 5 बजे तक विकास सदन के नागरिक सुविधा केंद्र में लगेगा। इसके अलावा 3 नवंबर से 2 दिसंबर तक (सोमवार से मंगलवार) को दोपहर ढाई से पांच बजे तक रोहिणी सेक्टर-3 स्थित डीडीए ऑफिस कॉम्प्लेक्स के कमरा नंबर 97 में लगेगा।

---

हिन्दुस्तान

## पटेल के नाम पर समाज सदनों का उद्घाटन

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सोमवार को रोहिणी में सरदार पटेल के नाम पर दो समाज सदनों का उद्घाटन किया। रोहिणी के सेक्टर 18 और सेक्टर 19 स्थित इन दोनों समाज सदनों का प्रयोग जनता किफायती दरों पर सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और विवाह समारोहों के लिए कर सकती है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने इन दोनों समाज सदनों का निर्माण 11.30 करोड़ की लागत से किया है।

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

THE HINDU | Tuesday, November 1, 2022 DELHI

NAME OF NEWSPAPERS------------------------------------------DATED---------------------

# How citizens, corporates, govt. worked together to resurrect a Tughlaq-era garden in city

**Avinash Kumar**
**Bipasha Majumder**
NEW DELHI

The redevelopment of Vasant Udyaan, a DDA park in south Delhi's Vasant Vihar, is the story of an audacious imagination at work.

For years, this area, next to Nelson Mandela Road and flanked by a forest, was a crime black spot. What was once a seasonal rivulet flowing through the area had deteriorated into a putrid nullah full of raw sewage. The park itself was an open-air lavatory sprawled around the ruins of the only extant garden-enclosed waterworks built by Sultan Firoz Shah Tughlaq 650 years ago.

While the open-air defecation was linked directly to the absence of toilets in the slums, the sewage was coming from the elite apartments in the area, the adjacent village, and the government colonies around Basant Lok, which had not been connected to sewer lines for more than 40 years.

A group of concerned citizens from neighbouring Munirka Enclave appealed to all RWAs in the area to create a people's collective – RWAs for Vasant Udyaan – to take these issues to the relevant government departments. They appealed to Anil Baijal, the then Lieutenant-Governor of Delhi, who took great interest in the project. The critical element, as the citizens' group soon realised, was to find a way to negotiate the maze of government bodies with overlapping mandates.

**The creation of Vasant Udyaan is an invaluable lesson that efforts to address issues of water, health, heritage, governance and community development cannot be viewed in isolation**

### Collaborative effort

With the help of Delhi Urban Shelter Improvement Board, the slum pockets were provided community toilets with septic tanks. DDA Landscape and Horticulture departments collaborated with the RWAs to redesign the park and forest, balancing attributes of Tughlaq-era gardens with modern-day requirements. The Archaeological Survey of India, in association with INTACH, renovated the waterworks, while Delhi Jal Board and erstwhile South Delhi Municipal Corporation laid pipes that connected the colonies to the city's sewage lines. The nearby Jaypee Hotel and Vasant Kunj Sewage Treatment Plant provided free treated water to irrigate the park.

The park is today a tribute to this collaborative effort – core elements of its historical heritage remain intact; all, including pets, are welcome; CCTV cameras have been installed; and the MoU between Jaypee Hotel and the municipal corporation for free treated water has emerged as a model for potential collaborations to irrigate water-starved parks. The park is a haven for families and children residing in both the colonies and the slums.

The creation of Vasant Udyaan is an invaluable lesson that efforts to address issues of water, sanitation, health, heritage conservation, governance and community development cannot be viewed in isolation. More importantly, it has shown citizens of Delhi tangible, doable ways to redefine their relationship with the city, by being its active members and making its social spaces free, green, and truly vibrant.

*(Avinash Kumar is director, Citizen Action for Water Sustainability (CAWS). Bipasha Majumder is an independent researcher and writer)*

---

**अमर उजाला**

# कन्वर्जन के लंबित मामलों पर सुनवाई करेगा डीडीए

**नई दिल्ली।** डीडीए ने अपने भूमि निपटान विभाग के तहत कन्वर्जन के लंबित मामलों पर सुनवाई करने के लिए कैम्प आयोजित करने का निर्णय लिया है। इन कैंप में वे ही व्यक्ति हिस्सा ले सकेंगे, जिन्होंने डीडीए के आईडीएलआई पोर्टल पर अपनी लीजहोल्ड संपत्ति को फ्रीहोल्ड में बदलने के लिए पहले से ही आवेदन कर रखा है। ये कैंप विकास सदन स्थित नागरिक सुविधा केंद्र में एक नवंबर से दो दिसंबर तक (प्रत्येक मंगलवार, बुधवार और शुक्रवार) और दीपाली चौक स्थित डीडीए कार्यालय परिसर में कमरा नंबर 97 में तीन नवंबर से दो दिसंबर (सोमवार से शुक्रवार) तक लगेगा। दोनों स्थानों पर दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक लोगों के आवेदनों पर सुनवाई होगी। ब्यूरो

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

the pioneer
NEW DELHI | TUESDAY | NOVEMBER 1, 2022

DATED

# LG launches two community halls on Sardar Patel's birth anniversary

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI



On the Occasion of Sardar Vallabhbhai Patel Jayanti, Delhi Lieutenant Governor Vinai Kumar Saxena on Monday inaugurated two community halls and named it after Sardar Patel as a tribute, in the national Capital. Delhi Development Authority (DDA) has constructed both these community halls at a cost of Rs.11.30 crore. BJP MLA Vijendra Gupta was also present on the occasion.

According to a senior DDA official, people will be able to use these community halls for their social, cultural, marriage, and religious ceremonies at affordable rates.

While informing about the facilities that have been provided in both the community halls, he said that these halls are equipped with party hall, library, gymnasium, lifts, senior citizen room, children play area, parking facilities.

He said that around 50000 people living in the area will be able to avail the benefit of the community halls constructed at Rohini Sector 18 and Sector 19.

"The authority is also developing a socio culture centre in Sector 10, Rohini on public-private partnership (PPP) model. This centre, spread over 11 acres, is likely to be completed in next three years," he added.

Speaking on the occasion, the L-G said that Prime Minister Narendra Modi has given an opportunity to Delhi to host G20 summit where representatives of various countries will be coming to the national capital. "We should show the world that Delhi is not only capital of the country but is also an excellent host, committed to its guests," he said.

He announced that these Community Halls will be named after Sardar Vallabhbhai Patel, while paying tribute to India's first home minister on his birth anniversary.

Saxena said that community halls are important for the society, especially the not so well off sections, for their social functions as these people can't afford big hotels, farm houses and urged people to make use of the various facilities and applauded the efforts of DDA in developing infrastructure of the city.

millenniumpost
NEW DELHI | TUESDAY, 1 NOVEMBER, 2022

# L-G Saxena inaugurates 2 community halls in Rohini

**NEW DELHI:** Delhi L-G V K Saxena inaugurated two community halls at Sector 18 & Sector 19, Rohini and named them after Sardar Vallabhbhai Patel as a tribute on his birth anniversary on Monday. Citizens can use these halls for their social, cultural, religious and marriage ceremonies at affordable rates.

DDA has constructed both these community halls at a cost of Rs 11.30 crore. Speaking on the occasion, the L-G said that the Prime Minister has given an opportunity to Delhi to host the G20 summit where representatives of various countries will be coming to the national capital. "We should show the world that Delhi is not only the capital of the country but is also an excellent host, committed to its guests," he said. He announced that these Community Halls will be named after Sardar Vallabhbhai Patel (on the request of Shri Vijender Gupta) paying tribute to India's first home minister on his birth anniversary.

Saxena said that community halls are important for the society, especially due to their affordable rates. He urged people to make use of the various facilities and applauded the efforts of DDA in developing the infrastructure of the city.

The community halls, equipped with a party hall, library, gymnasium, lifts, senior citizen room, children play area, parking facilities, among others, will be very useful for around 5,0000 people who live in these sectors. There are 3 party halls in the community hall at Sector 18, which has the capacity of 150 people each. In the community hall at Sector 19, the party hall has the capacity of about 60 persons. MPOST

पंजाब केसरी
DELHI

# सरदार पटेल के नाम पर समाज सदन का उद्घाटन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): जनता के इज ऑफ लिविंग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एलजी वीके सक्सेना ने सोमवार को रोहिणी सेक्टर-18 और 19 दो समाज सदनों का उद्घाटन किया। सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में इन दोनों सेंटरों का नाम उनके नाम पर रखा गया। एलजी ने कहा कि पीएम मोदी ने दिल्ली को जी 20 शिखर सम्मेलन का आयोजन करने का अवसर दिया है, यहां विभिन्न देशों के प्रतिनिधि राष्ट्रीय राजधानी में आएंगे। उन्होंने कहा कि विधायक विजेन्द्र गुप्ता के अनुरोध पर इन समाज सदनों का नाम भारत के प्रथम गृह मंत्री की जन्म जयंती के अवसर पर उनको श्रद्धांजलि देते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर रखा जाएगा। इस दौरान विधायक एवं डीडीए सदस्य विजेन्द्र गुप्ता, डीडीए वीसी मनीष कुमार गुप्ता भी मौजूद रहे।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

नई दिल्ली। • मंगलवार 1 नवम्बर • 2022 | सहारा

NAME OF NEWSPAPERS------------------------------------------DATED------------------------

# सामान्य वर्ग के लिए उपयोगी साबित होंगे सदन : उप-राज्यपाल

नई दिल्ली (एसएनबी)। उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को रोहिणी स्थित सरदार पटेल समाज सदन का लोकार्पण किया। 11.30 करोड़ की लागत से निर्मित सदन के इस्तेमाल के लिए उन्होंने लोगों से आग्रह किया। सदन के निर्माण से लोगों को धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं शादी विवाह जैसे आयोजन करने में मदद मिलेगी। सदन में बुजुर्गों के बैठने, बच्चों के खेलने, लाइब्रेरी, जिम आदि की व्यवस्था है। बुजुर्गों के लिए खासतौर पर लिफ्ट लगाई गई है। सदन में वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है। रोहिणी स्थित सेक्टर-18 एवं 19 में बने इन दोनों सदनों को सरदार पटेल की जयंती पर उन्हें समर्पित किया गया है। भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने इसके लिए अनुरोध किया था। इस मौके पर डीडीए बोर्ड के सदस्य विधायक विजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

**रोहिणी स्थित सरदार पटेल समाज सदन का लोकार्पण**

उप-राज्यपाल ने बताया कि सरदार पटेल को श्रद्धांजलि के रूप में दोनों सदन उन्हें सपर्पित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से दिल्ली को जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी का अवसर मिला है। इसमें दुनियाभर के कई देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने दिल्ली के अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि हमें दुनिया के इन प्रतिनिधियों को यह दिखाने की जरूरत है कि दिल्ली केवल देश की राजधानी ही नहीं, बल्कि मेहमानों की उत्तम मेजबानी करना जानती है। सक्सेना ने कहा कि सामान्य वर्ग की जरूरत के मुताबिक यह सदन बेहद जरूरी है। सामान्य वर्ग के लोगों की महंगी जगह पर आयोजन करने का सामर्थ नहीं होता है। डीडीए के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि आसपास के सेक्टरों में रहने वाले करीब 50 हजार लोगों के लिए यह सदन काफी उपयोगी साबित होंगे।

उन्होंने बताया कि इन सदनों के अलावा डीडीए पीपीपी मॉडल पर रोहिणी सेक्टर-10 में सामाजिक सांस्कृतिक केंद्र विकसित कर रहा है। करीब 11 एकड़ क्षेत्रफल में फैला सामाजिक, सांस्कृतिक केंद्र आगामी तीन साल में बनकर तैयार होगा। रोहिणी सेक्टर-7, 8 एवं 15 में पहले से ही तीन अलग-अलग वातानुकूलिक समाज सदन चल रहे हैं। यह समाज के सामान्य वर्ग के लिए काफी उपयोगी हैं।

## डीडीए का 'लीज होल्ड टू फ्री होल्ड' विशेष अभियान आज से

नई दिल्ली (एसएनबी)। लीज होल्ड टू फ्री होल्ड एवं भूमि निपटान के लंबित मामलों के समाधान के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह अभियान डीडीए मुख्यालय विकास सदन स्थित नागरिक सुविधा केंद्र एवं रोहिणी सेक्टर-3 स्थित दीपाली चौक डीडीए परिसर के कमरा नंबर- 97 में शुरू होगा। इन विशेष शिविरों में उन्हें आवेदनों का विचार किया जाएगा, जो डीडीए के आईडीएल पोर्ट पर पंजीकृत हैं। डीडीए का कहना है कि विकास सदन स्थित नागरिक सुविधा केंद्र में सप्ताह में तीन दिन (मंगलवार, बुधवार एवं शुक्रवार) यह कैंप चलेगा। इस विशेष कैंप की शुरुआत 1 नवंबर से और समापन दो, दिसंबर को होगा। दोपहर बाद 2.30 से शाम 5 बजे तक लोग शिविर में जा सकते हैं। इसी तरह रोहिणी स्थित डीडीए कार्यालय में यह विशेष शिविर 3 नवंबर से शुरू होकर 2 दिसंबर तक पूरे सप्ताह भर (सोमवार से शुक्रवार) लगातार दोपहर बाद 2.30 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा।

दैनिक भास्कर
नई दिल्ली, मंगलवार 01 नवंबर, 2022

### एलजी ने पटेल के नाम पर समाज सदन का किया उद्घाटन

# दुनिया को दिखाना चाहिए दिल्ली मेहमानों के लिए उत्कृष्ट मेजबान भी हैः वीके सक्सेना

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली



दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सरदार पटेल के नाम पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (द्वारा) 11.30 करोड़ रुपए से रोहिणी में निर्मित समाज सदन का उद्घाटन किया। जनता के "इज ऑफ लिविंग" को सुनिश्चित करने के उद्देश्य के लिए वीके सक्सेना ने दिल्ली ने आज सेक्टर 18 और सेक्टर 19, रोहिणी में दो समाज सदनों का उद्घाटन किया और इनका नाम सरदार पटेल जी के नाम पर उनके जयंती के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि के रूप में रखा गया। इस अवसर पर रोहिणी के विधायक व डीडीए सदस्य विजेंद्र गुप्ता, पूर्व निगम पार्षद व सामाजिक संस्था अन्नपूर्णा के अध्यक्ष डॉक्टर शोभा विजेंद्र मनीष कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष, डीडीए भी इस अवसर पर उपस्थित थे। उपराज्यपाल ने कहा कि आम जनता इनका प्रयोग किफायती दरों पर सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और विवाह समारोहों के लिए कर सकते हैं। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने इन दोनों समाज सदनों का निर्माण 11.30 करोड़ की लागत से किया है । उपराज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने दिल्ली को जी 20 शिखर सम्मेलन का आयोजन करने अवसर दिया है। जहां विभिन्न देशों के प्रतिनिधि राष्ट्रीय राजधानी में आएंगे। उन्होंने कहा कि "हमें दुनिया को दिखाना चाहिए कि दिल्ली न केवल देश की राजधानी है बल्कि अपने मेहमानों के लिए उत्कृष्ट मेजबान भी है"। उपराज्यपाल ने घोषणा की कि इन समाज सदनों का नाम भारत के प्रथम गृह मंत्री की जन्म जयंती के अवसर पर उनको श्रद्धांजलि देते हुए सरदार बल्लभ भाई पटेल के नाम पर विजेंदर गुप्ता के अनुरोध पर रखा जाएगा।

अमर उजाला

## एलजी ने रोहिणी में दो समाज सदनों का किया उदघाटन

नई दिल्ली। दिल्लीवासियों की सुविधा के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सोमवार को रोहिणी सेक्टर-18 और सेक्टर-19 में दो समाज सदनों का उद्घाटन किया। इससे लोगों को कम खर्च में सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजनों सहित विवाह समारोह के आयोजन का मौका मिलेगा। 11.30 करोड़ की लागत से दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने इन दोनों सदनों का निर्माण किया है। दोनों सदनों का नाम सरदार पटेल को समर्पित होगा। इस मौके पर विधायक और डीडीए सदस्य विजेंदर गुप्ता, डीडीए उपाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। उपराज्यपाल ने इस मौके पर प्रधानमंत्री ने दिल्ली को जी 20 शिखर सम्मेलन के आयोजन का अवसर दिया है। इसमें कई देशों के प्रतिनिधि भी दिल्ली पहुंचेंगे।

**सरदार पटेल को समर्पित सदनों में होंगे सामाजिक सांस्कृतिक धार्मिक और विवाह समारोह**

उन्होंने कहा कि कि हमें दुनिया को दिखाना चाहिए कि दिल्ली ना केवल देश की राजधानी है बल्कि अपने मेहमानों के लिए एक उत्कृष्ट मेजबान भी है। एलजी ने इस मौके पर घोषणा की कि दोनों समाज सदनों का नाम भारत के पहले गृह मंत्री सरदार पटेल की जयंती पर उन्हें समर्पित किया गया। एलजी ने कहा कि सामाजिक समारोह के लिए समाज सदन बहुत महत्वपूर्ण है । ब्यूरो